प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.04.2026/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

फसल नुकसान

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

दुर्घटना

कुल्लू ज़िले में बंजार उपमण्डल के सोझा में कल देर शाम एक पर्यटक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई जबकि 19 अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में दो पुरूष और दो महिलाएं शामिल हैं। ये सभी लोग दिल्ली से हिमाचल घूमने आए हुए थे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से अपनी संवेदना जताई है। उन्होंने घायलों के भी जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

पीएम–समुद्र दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की समुद्री विरासत में इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों का अमूल्य योगदान है। आज राष्ट्रीय समुद्र दिवस पर सोशल मीडिया पर एक संदेश में उन्होंने कहा कि भारत का समुद्री क्षेत्र तीव्र गति और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि सरकार ने आधुनिक और भविष्योन्मुखी नौवहन कानूनों को लागू किया है। उन्होंने कहा कि ये नए कानून राज्य समुद्री बोर्डों को सशक्त बना रहे हैं और बंदरगाह प्रबंधन में डिजिटीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं।

जयंती

स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम की आज जयंती है। इस अवसर पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं ने बाबू जगजीवन राम के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय संयोजक कर्मवीर बौद्ध विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि दलित समाज के उत्थान और उनके अधिकारों

के लिए बाबू जगजीवन राम ने अनेक कार्य किए। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित नंदा सहित अन्य नेता इस दौरान मौजूद रहे।

एचपीवी–वैक्सीन

केंद्र सरकार द्वारा किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस, एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। ये टीका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम के तहत किन्नौर जिला में यह टीका आज 5 अप्रैल और 12 अप्रैल को लगाया जाएगा। इसके अलावा अगले माह 10 और 24 मई को भी टीकाकरण किया जाएगा।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददता

जिला इम्यूनाइजेशन अधिकारी डॉ. अश्वनी नेगी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की अपनी बेटियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बेहद प्रभावी मानी जाती है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जिससे समय रहते बचाव बेहद जरूरी है। डॉ. नेगी ने बताया कि यह वैक्सीन पूरे देश और हिमाचल प्रदेश की तरह जिला किन्नौर में भी पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। हाल ही में 29 मार्च को आयोजित टीकाकरण अभियान के दौरान जिले में 63 किशोरियों को सफलतापूर्वक वैक्सीन दी गई। उन्होंने जानकारी दी कि यह वैक्सीन जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है। डॉक्टर अश्विनी नेगी ने अभिभावकों को आश्वस्त किया है कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसके कोई गंभीर साईड इफैक्ट नहीं हैं। सुमेश नेगी, आकाशवाणी समाचार, किन्नौर।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा का भी समाचार है। पिछले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर बर्फ व निचले इलाकों में व्यापक वर्षा हुई है। ताज़ा बर्फबारी से जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पीति में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। ज़िले में कुल एक सौ 45 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा करीब एक सौ 90 ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हैं। हालांकि जलापूर्ति योजनाओं में कोई बाधा नहीं है। प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य स्थानों पर कहीं–कहीं वर्षा की संभावना जताई है।

....